छत्तीसगढ़ शासन
वित्त,वाणिज्यिक कर,योजना,आर्थिक एवं सांख्यकी तथा
20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग
मंत्रालय

अधिसूचना

क्रमांक एफ.10/7(ए)/वा.कर/पांच/2001, रायपुर,दिनांक 29.3.2001

चूंकि राज्य सरकार को यह समाधान हो गया है,कि लोकहित में,ऐसा करना आवश्यक है,अतएव छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 17 तथा केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम 1956 (74 सन् 1956) की धारा 8 की उपधारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा इस विभाग की निम्नांकित अधिसूचनाओ में निम्नलिखित संशोधन करती है,अर्थात :-

संशोधन

निम्न अधिसूचनाओं में :-

1. क्रमांक-ए-3-24-एसटी-V(108) 6 अक्टूबर 1994
2. क्रमांक-ए-3-11-86-एसटी-V(74) दिनांक 16.10.1986
3. क्रमांक-ए-3-30-91-एसटी-V(7) दिनांक 15-01-1992
4. क्रमांक ए-3-14-92-एसटी-V(50) दिनांक 03-06-93

(1) वर्णित राज्य अपीलीय फोरम के सदस्य,सदस्य सचिव तथा अध्यक्ष की सूची को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जायेगा :-

1. भारसाधक मंत्री,वाणिज्यिक एवं उद्योग विभाग (छत्तीसगढ़ शासन) अध्यक्ष
2. भारसाधक मंत्री,वित्त,वाणिज्यिक कर,योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग,रायपुर
3. अपर मुख्य सचिव/सचिव, वित्त,वाणिज्यिक कर,योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी,तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग (छत्तीसगढ़ शासन) सदस्य
4. प्रमुख सचिव/सचिव विधि और विधायी कार्य विभाग (छत्तीसगढ़ शासन) सदस्य
5. प्रमुख सचिव/सचिव-वाणिज्य एवं उद्योग विभाग(छत्तीसगढ़ शासन) सदस्य सचिव

(2) उपरोक्त संशोधन छत्तीसगढ़ राज्य में लागू होंगे ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार

(के.आर. मिश्रा)
उपसचिव,छत्तीसगढ़ शासन,
वित्त,वाणिज्यिक कर,योजना,
आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा

GOVT. OF CHHATISGARH

Finance, Commercial Tax, Planning, Economics & Statistics and

20 Point Programme Implementation Department

MANTRALAYA, Raipur

NOTIFICATION

Raipur, Dated 29.3. 2001

No.F10/7(A)/CT/5/2001, Whereas the State Government is satisfied that it is necessary to do so in the public interest, (1) Now therefore, in exercise of the powers conferred by section-17 of the "Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 (No.5 of 1995)" and (2) sub-section (5) of section 8 of the "Central Sales Tax Act, 1956 (No.74 of 1956)" the State Government hereby makes the following amentment in this departments notificationsnamely:-

AMENDMENT

In following Notifications:-

(1) No. A-3-24-ST-V(108) dt 6 the october 1994.

(2) No. A-3-11-86-ST-V(74) dated 16th October 1986.

(3) No. A-3-30-91-ST-V(7) dated 15th January 1992.

(4) Annexure I No. A-3-14-92-ST-V(50) dt. 3rd June 1993.

For the list of member, member secretry, Chairman following list shall be substituted

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Minister-in-charge, Commerce and IndustriesDepartment (Govt. of Chhattisgarh) | Chairman |
| 2. | Minister-in-Charge, Finance, Commercial Tax, Planning, Economics & Statistics and 20 Point Programme Implementation Department (Govt. of Chhattisgarh) | Member |
| 3. | Additional Chief Secretary/Secretary, Finance, Commercial Tax, Planning, Economics & Statistics and 20 Point Programme Implementation Department (Govt. of Chhattisgarh) | Member |
| 4. | Principal Secretary/Secretary, Law and Legislative Department (Govt. of Chhattisgarh) | Member |
| 5. | Principal Secretary/Secretary, Commerce and Industries Department (Govt. of Chhattisgarh) | Member Secretary |

(2) The above mentioned amendment shall be in force in the state of Chhattisgarh only.

By order and in the name of the
Governor of Chhattisgarh

(K.R.Misra)
Deputy Secretary
Government of Chhattisgarh
Finance, Commercial Tax, Planning, Economics
& Statistics and 20 Point Programme
Implementation Department, Raipur

छत्तीसगढ़ शासन

वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा
20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

मंत्रालय

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 30.5.2001

क्रमांक 979 एफ/10/200/2001/वा.क./पांच(17) – चूंकि राज्य शासन को विचार में छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर नियम 1995 में संशोधन करना एवं तत्काल प्रवृत्त करना आवश्यक है।

अतएव, छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 ( क्रमांक 5 सन् 1995 ) की धारा 80 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कथित नियम में राज्य सरकार एतद् द्वारा निम्नलिखित और संशोधन करती है

संशोधन

उक्त कथित नियम में,

1. नियम 8 में :

(1) उपनियम (1) में शब्द " पांच " के स्थान पर शब्द "सात " प्रतिस्थापित किया जायेगा।

(2) उपनियम (2) में खण्ड (ग) के पश्चात निम्न खण्ड जोड़ा जायेगा :

"(घ) माल पर कर की दर 8 प्रतिशत होने की स्थिति में :

(i) एक लाख रुपये तक के सकल आवर्त होने की दशा में आवर्त का 4 प्रतिशत

(ii) एक लाख रुपये से अधिक आवर्त होने पर, चार हजार रुपये + एक लाख रुपये से अधिक आवर्त का 6 प्रतिशत

2. नियम 19 के उपनियम (4) के खण्ड (ग) के पश्चात निम्न खण्ड जोड़ा जायेगा

"(घ) प्रत्येक पंजीयत व्यवसायी, जिन्हें उपनियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन विवरण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है, वर्ष के अंतिम विवरणी के साथ, पूरे वर्ष के लिये, माल क्रय की नकल खरीदी सूची, गणना पत्रक विवरण पत्र में दर्शित छूट से संबंधित अभिलेख तथा कर भुगतान के चालान प्रस्तुत करेगा।

3. नियम 42 के पश्चात निम्न नियम जोड़े जायेंगे यथा "

(21)

नियम 42–क स्रोत पर कर की कटौती के लिए दायी व्यक्तियों को पंजीयन प्रमाण पत्र का प्रदाय संशोधन एवं निरस्तीकरण

(1) धारा 35–ख की उपधारा (1) के अधीन पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रारूप 42–क में दिया जायेगा।

(2) पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्त होने पर पंजीकृत करने वाला अधिकारी, यदि उसे समाधान हो जाता है कि, आवेदन सही है तथा आवश्यक जानकारियां प्रस्तुत की गई है, प्रारूप 42–ख में पंजीयन प्रदान करेगा । यदि पंजीकृत करने वाले अधिकारी को समाधान हो जाता है कि आवेदन नियमानुसार नहीं है या आवश्यक विशिष्टियां प्रस्तुत नही की गई है तो वह आवेदक को निर्देशित करेगा कि वह ऐसी अतिरिक्त जानकारियां , जो आवश्यक समझी जाये , को प्रस्तुत करें । अतिरिक्त जानकारियों पर विचार पश्चात पंजीकृत करने वाला अधिकारी प्रारूप 42–ख में पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदाय करेगा ।

(3) उप नियम (2) के तहत प्रदाय किए गए पंजीयन प्रमाण पत्र धारक व्यक्ति, यदि उसमें संशोधन/निरस्तीकरण चाहता है, तो वह एक आवेदन पंजीयन प्रमाण पत्र सहित पंजीयन प्रदाय करने वाले अधिकारी को प्रस्तुत करेगा तथा उसमें चाहे गये संशोधन/निरस्तीकरण के कारणों का विशिष्ट रूप से कथन करेगा, और उस पर विहित प्राधिकारी यदि दिये गये कारणों से संतुष्ट हो तो तदानुसार पंजीयन प्रमाण पत्रों में संशोधन /निरस्तीकरण की कार्यवाही करेगा ।

नियम 42–ख स्त्रोत पर कर की कटोती करने के दायी व्यक्ति द्वारा विवरणी प्रस्तुत करना:

(1) अधिनियम के तहत स्त्रोत पर कटोती करने के दायी प्रत्येक पंजीकृत व्यक्ति द्वारा प्रारूप 42–ग में विवरणी प्रस्तुत की जायेगी । प्रत्येक तिमाही के लिए विवरणी, उसके पश्चातवर्ती माह के 30वें दिवस को या उससे पूर्व, सप्लायर/ठेकेदार को किये गये भुगतान एवं भुगतान से की गई कर की कटौती को दर्शाते हुए करेगा।

(2) उप नियम (1) के निर्बन्धों एवं शर्तो के अध्यधीन रहते हुए प्रत्येक व्यक्ति, त्रैमास के लिए निर्धारित तिथि तक विवरणी प्रस्तुत करेगा, भले ही सप्लायर/ठेकेदार से स्त्रोत पर कर की कोई कटोती नहीं की गई हो ।

(3) उप नियम (1) के अधीन प्रस्तुत की जाने वाली प्रत्येक विवरणी के साथ धारा 34 एवं 35 के प्रावधानों के तहत देय कर के भुगतान के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति संलग्न की जायेगी।

4. नियम 91 में प्रविष्टि कमांक 10 –क के पश्चात निम्न प्रविष्टि अंतः स्थापित की जायेगी :

| | | |
|---|---|---|
| "10 ख 35 ख एवं 35 ग | पंजीयन प्रदाय करना शास्ति आरोपित करनां | आयुक्त वाणिज्यिक कर द्वारा लिखित अनुमति पर वाणिज्यिक कर अधिकारी या सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी. |

( 3 )

5 फार्म 42 के पश्चात् निम्न प्रारूप अंतःस्थापित किये जायेंगें :

" फार्म 42–क "
(देखिये नियम 42–क (1) )

स्रोत पर कटौती हेतु दायी व्यक्ति द्वारा पंजीयन हेतु आवेदन:

प्रति,
वाणिज्यिक कर अधिकारी,
वृत्त ---------------

मैं, एतद् द्वारा, छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 की धारा 35–घ के अंतर्गत पंजीयन प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन करता हूं .विवरण निम्नानुसार है :

(1) आवेदक का नाम ---------------------------------------

(2) कार्य के प्रमुख स्थान का पता (भवन / गली / सड़क / म्युनिसपल वार्ड / नगर / शहर / तहसील / जिला)---------------------------

(3) आवेदन प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति की प्रास्थिति (स्वामी / भागीदार / मुख्य पदाधिकारी / एजेन्ट / प्रबंधक / निर्देशक / सचिव) ----------- -----

(4) व्यक्ति की श्रेणी (व्यक्ति / फर्म / कंपनी / निगम / सोसायटी / क्लब / एसोसिएशन ) ------------------------ –

(5) यदि छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 / केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 के अधीन पंजीयत हो तो पंजीयन कमांक

(क) वाणिज्यिक कर अधिनियम के अधीन -------------- ---------

(ख) केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अधीन --------- ---------

(ग) सप्लाई / ठेके की प्रकृति जिसके कारण स्त्रोत पर कटौती का दायित्व आता है -------------------------

दिनांक:----------
स्थान:---------

हस्ताक्षर --------- ---
प्रास्थिति -------- -----

(जो लागू न हो उसे काट दीजिए )

## अभिस्वीकृति

( नाम एवं पते की विशिष्टियां आवेदक द्वारा भरी जाएं )

फार्म 42–क में पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्त किया

आवेदक का नाम ---------------------------------

जावक का पूर्ण पता ---------------------------------

स्थान ----------
दिनांक ----------

प्राप्तकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर

फार्म 42–ख
( देखिए नियम 42–क (2) )

स्त्रोत पर कर की कटौती करने के दायी व्यक्तियों का पंजीयन प्रमाण पत्र

क्रमांकः--------------

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री ------------------------------ ----------स्थान------------------------------ स्वामी / भागीदार / प्रमुख पदाधिकारी / एजेन्ट / प्रबंधक / कार्यालय प्रमुख / फर्म / क्लब / एसोसियेशन / सोसायटी / निगम / कम्पनी का पंजीयन छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम ,1994 ,की धारा 35–ख के अंतर्गत किया गया है ।

पंजीयम प्रमाण–पत्र धारक निम्न प्रकृति की सप्लाई/ठेकों के लिए स्रोत पर कर की कटोती हेतु दायी है :

मुद्रा

स्थान------------------ हस्ताक्षर ------------------

दिनांक------------------ पदनाम ------------------

फार्म 42–ग

(देखिए नियम 42–ख (1) )

स्त्रोत पर कटौती के दायी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत की ज़ाने वाली विवरणी

अवधि ------------से ------------ के लिए देय कर की विवरणी

व्यक्ति का नाम ------------------------

पता ------------------------------------

पंजीयन प्रमाण पत्र कमांक ------------------

(6)

| अ० क्र० | सप्लायर / ठेकेदार का विवरण,नाम व पता पंजीयन क्रमांक (यदि कोई हो | भुगतान का दिनांक | भुगतान की गई राशि | भुगतान से संबंधित ठेके / सप्लाई की प्रकृति | भुगतान से कर की कटौती | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कर की दर | राशि | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |

देय कर की राशि ------------------------

चालान क्रमांक एवं दिनांक सहित ,भुगतान की गई राशि रूपये ---- ------ ------ -

उपरोक्त कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है ।

स्थान :----------------
दिनांक :-------------

हस्ताक्षर ----------------
प्रास्थिति ----------------

## अभिस्वीकृति

(नाम एवं पता व्यक्ति द्वारा भरा जाये )

व्यक्ति का नाम ------------------------------------

जाक का पूर्ण पता ------------------------------------

से अवधि ------------- से ------------------की विवरणी चालान क्रमांक ------------ दिनांक ------------ रूपये ---------------- के लिए सहित प्राप्त किया ।

स्थान ---------------.
दिनांक --------------

प्राप्तिकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर
पूरे नाम व पदनाम सहित "

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(के. आर. मिश्रा )
उप सचिव
वाणिज्यिक कर

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH

FINANCE, COMMERCIAL TAX, PLANNING, ECONOMIC AND STATISTICS & 20-POINT PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## NOTIFICATION

Raipur,Date 30.5.2001

No.979/E10/200/2001/CT/V/(17) Whereas, the State Government considers that the following amendments in the Chhattisgarh Commercial Tax Rules,1995 should be made and brought into force at once.

Now, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by Section 80 of the Chhattisgarh Commercial Tax Act, 1994 (No. 5 of 1995) the State Government hereby makes the following further amendments in the said rules.

## AMENDMENTS

In the said rules:

1. In rule 5:

(1) In sub-rule (1) for word the "five" the word "seven" shall be substituted.

(2) In sub-rule (2) after clause (c) ,the following clause shall be inserted:

"(d) In case of goods liable to tax at the rate of eight percent-

(i) Upto a turnover one lakh rupees : Four percent of the turnover.

(ii) Turnover exceeding one lakh rupees: Four thousand rupees plus eight percent of the amount of the turnover exceeding one lakh rupees.

2. In sub-rule (4) of rule 19 after clause (c), the following clause shall be inserted-

"(d) Every registered dealer required to furnish return under clause (b) of sub-rule (1) shall furnish for the whole year, a copy of goods account, purchase list, computation sheet, documents relating to deductions shown in return and challan of payment of tax along with the last return for the year."

(4)

After rule 42, the following rules shall be inserted ,namely:

"Rule 42-A Grant amendment and Cancellation of certificate of Registration to person liable for tax deduction at source.

(1) An application for obtaining a Certificate of Registration under sub-section (1) of Section 35-B shall be made in form 42-A.

(2) on receipt of an application for registration the registering authority shall, if it is satisfied that the application is in order and the necessary particulars have been furnished, grant a Certificate of Registration in form 42-B. If the registering authority finds that the application is not in order or that all necessary particulars have not been furnished, it shall direct the applicant to furnish such additional information as may be considered necessary . After considering the additional information , the registering authority shall grant a certificate of registration in form 42-B.

(3) Where a person holding a Certificate of Registration granted under sub rule (2) desires it to be amended or cancelled, he shall submit an application to the registering authority specifically stating the amendments or cancellation desired with reasons therefor, together with the Certificate of Registration and thereupon such authority shall, if satisfied, with the reasons given, amend or cancel the Certificate of Registration accordingly.

Rule 42-B Furnishing of returns by persons liable for tax deduction at source

(1) every person liable for tax deduction at source registered under the Act, shall furnish a return in form 42-C, for each quarter on or before 30th day of the month following the quarter to which such return relates, showing there in payments made to suppliers/contractors and tax deducted from the payments.

(2) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), every person referred to shall furnish the return for every quarter by due date ,even if no tax is in that sub rule deducted from suppliers/contractors.

(3) Every return to be furnished under sub-rule (1) shall be accompanied by receipted challan in token of the payment in accordance with the provision of Section 34 and 35, of the tax payable by the person according to such return."

4. In rule 91 after entry 10 A the following entry shall be added:

10 B and 35-C 35-B In form To grant registration To impose penalty Commercial Tax Officer or Assistant Commercial Tax Officer authorised in writing by the Commissioner.

5. After form 42 following forms shall be inserted :

"Form 42-A
( See rule 42-A (I))

Application for Registration for persons liable for tax deduction at source

To,
The Commercial Tax Officer ,
Circle.............................

I, hereby apply for a Certificate of Registration under Section 35-B of Chhattisgarh Commercial Tax Act, 1994 as per particulars given below:-

(1) Name of the applicant

(2) Address of the principal place of work (Building /street/ Road/Municipal ward/Town /City/Tehsil/District .......................

(3) Status of the person signing the form ( Whether proprietor/partner/principal/officer/agent/manager/director/ Secretary)..................

(4) Class of the person (whether individual /firm/company/ corporation/society/club/association/etc.)......................................

(5) If registered under the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 /Central Sales Tax Act, 1956 the number of Registration Certificate

(a) under Vanijyik Kar Adhiniyam

(b) under Central Sales Tax Act

(c) Nature of supply/contract for which liability for tax deduction at source arises ... ... ...

Place................. Signature.......................

Date.................. Status.............................

*Strike out whichever is not applicable.

* Acknowledgment

(Particulars of name and address to be filled in by the applicant
Received an application for Registration in form 42-A

From :-

Name of the applicant.....................

Full postal address..........................

Place .....................

Date......................... Signature of the receiving officer.

## Form 42-B
## (See rule 42-A (2))

Certificate of Registration of persons liable for tax deduction at source

No......................

This is to certify that the Proprietor/Partner/ Principal /Officer/Agent/ Manager/Head of Office of the establishment /Firm /Club/Association /society /Corporation/Company known as ...........................................................and located at ...............................

Has been Registered under Section 35-B of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994.

The holder of the Certificate is liable for tax deduction at source for supplies /contracts of the nature ..........................

Seal

Place................................ Signature.....................

Designation.....................

Date................................

Form 42-C
(See rule 42-B(1))

Return by person liable for tax deduction at source
Return of tax payable for the period from ..................
to.........................

Name of the person...........................................

Address.....................................................

RegistrationCertificate No................................................ .

| S.No | Details of suppliers /Contractor Name & Add Reg. No.(If any ). | Date of payment | Amount paid | Nature of supply/ Contract For which Payment relates | Tax deducted from payment | | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Rate of tax | Amount | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |

.................................................................................................

Amount of tax payable.......................................................................

Amount paid with challan No. and date......................................................

The above statements are true to the best of my knowledge and belief.

Place..................... Signature....................

Acknowledgment

(Particulars of Name and address to be filled by the person)

Received return for the period from .. ...... ........ ...to.......... ........... with challan No. ....................Date....................for Rs ....... ....... .. ........ .. . ....................................from

Name of the person............................

Full postal address..............................

Place..........................

Date............................

Signature with full name and Designation of the receiving Officer."

By order and in the name of the
Governor of Chhattisgarh

(K.R. Misra)
Deputy Secretary
Commercial Tax

छत्तीसगढ़ शासन
वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक, एवं सांख्यिकी
तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम कियान्वयन विभाग

मंत्रालय

# अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 04/06/2001

क्रमांक – / एफ–10/153/2001/वा.क./पांच (24)– छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन 1995) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए राज्य सरकार एतद द्वारा हैंक यार्न, कोसा यार्न तथा सभी प्रकार के कफून को उक्त अधिनियम की धारा 9 एवं 10 के अधीन कर से छूट 1/4/2001 से 31/3/2002 तक की कालावधि के लिए प्रदान करती है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(के. आर. मिश्रा)
उप सचिव
वाणिज्यिक कर

## Government of Chhattisgarh

FINANCE, COMMERCIAL TAX, ECONOMIC, PLANNING AND STATISTICS & 20 POINT PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

## NOTIFICATION

Date. 4.6.2001

No.-/F 10/153/2001/CT/V(24)- In exercise of the powers conferred by section(17)of Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 (No 5 of 1995), the State Government hereby exempts Hand Yarn, Kosa yarn and all types of Cacoons from payment of tax under section 9 and 10 of the said Adhiniyam for the period from 1 st April 2001 to 31 March 2002

By order and in name of
the Governor of Chhattisgarh

(K.R. Misra)
Deputy Secretary
Commercial Tax

छत्तीसगढ़ शासन

वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

अधिसूचना

दिनांक 12/06/2001

क्रमांक एफ10/3/2001 /वाक/पाँच (25) चूँकि छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न स्थानों पर छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (1995 का क्रमांक 5) के अधीन कर अपवंचन रोकने हेतु यह आवश्यक है। अत: राज्य शासन द्वारा उपरोक्त अधिनियम की धारा 45 ए की उपधारा (1) में दिये गये अधिकारों का उपयोग करते हुए अधिसूचना क्रमांक एफ /10/03/2001 वाढकर/पाँच (9) दिनाँक 01/05/2001 के अनुक्रमांक 1 में स्थापित जाँच चौकी और नाका के स्थान का नाम एवं वर्णन तथा जाँच चौकी और नाका की स्थिति में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:

| अनुक्रमांक | जाँच चौकी और नाका के स्थान का नाम एवं वर्णन | जाँचचौकी और नाका की स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | बम्बई कलकत्ता मार्ग पर राजनाँदगाँव जिले में पाटेकोहरा (रामपुर) में छत्तीसगढ़ के भीतर आने वाले वाहन (इनकमिंग) एवं बम्बई की ओर से कलकत्ता जाने वाले माल के वाहनों (आउट टू आउट) से संबंधित जाँच हेतु जाँच चौकी | राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 नागपूर मार्ग पर राजनाँदगाँव से 40 वे और 41 वे किलोमीटर के बीच |
| 2. | बम्बई कलकत्ता मार्ग पर राजनांगॉव जिले के ग्राम चिचोला में छत्तीसगढ़ राज्य से नागपूर की ओर जाने वाले माल वाहन (आउट गोविंग) एवं कलकत्ता की ओर से बम्बई जाने वाले माल के वाहनों (आउट टू आउट) से संबंधित जाँच हेतु जाँच चौकी | राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 नागपूर मार्ग पर राजनाँदगाँव से 38 वे और 39 वें किलोमीटर के बीच |

यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन दिनाँक से प्रभावशाली होगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

12/6/01
(शैलेश पाठक)
संयुक्त सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance, Commercial Tax, Planing, Economic and Statistics and 20 Point Programme implenment Department**

## Notification

Raipur Dated 12/06/2001

No F-10/3/2001/CT/V/(25) Whereas the State Government is Satisfied that it is necessary to do so with a view to prevent of check evasion of tax under the Chhattisgarh Commercial TAx Act 1994 (No 5 of 1995). The State Government in exercise of the powers conferred by sub Section (1) of Section 45 A of the said Act, has set up the check post and errect the barriers by notification No F-10/3/2001/CT/V(9) Raipur dated 01/05/2001.S.No. 1 of said notification is here by ammended as under:

| S.No | Name of Description of Place of Check Post & Barriers | Location of Check Post & Barriers |
|---|---|---|
| 1. | Patekohara (Rampur) Checkpost on Bombay-Calcutta Road in Rajnandgoan District. To Check the incoming goods vehicle and incoming out to out vehicle towards Calcutta. | Between 40th and 41th K.M. from Rajnandgaon on Raipur Nagpur Road National Highway No 6 |
| 2. | Village Chichola Checkpost on Bombay Calcutta Road in Rajnandgaon District. To check theout going goods vehicle and outgoing out to out vehicle towards Bombay. | Between 38th and 39th K.M. from Rajnandgaon on Raipur Nagpur Road National Highway No. 6 |

This Notification shall come into force with effect from the date of publication in official gazette.

By Order and in the name of the
Governor of Chhattisgarh

12/6/01
(Shailesh Pathak)
Jonit Secretery

# छत्तीसगढ़ शासन
## वित्त, वाणिज्यिक कर , योजना आर्थिक एवं साख्यिकी तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

## अधिसूचना

क्रमांक 1439/एफ 10 / 3/ 2001 / पांच ( 35) रायपुर, दिनांक 19-7-2001

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि ,राजनांदगांव – जबलपुर ( व्हाया कवर्धा ) मार्ग पर जिला कवर्धा में , छत्तीसगढ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 ( क्रं . 5 सन् 1995) के अधीन कर अपवंचन के निवारण अथवा रोकने की दृष्टि से ऐसा करना आवश्यक है।

अत : राज्य शासन द्वारा , उपरोक्त अधिनियम की धारा 45 (ए ) की उपधारा ( 1 ) में वर्णित शक्तियों को उपयोग में लाते हुए , नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट स्थान पर दिनांक 01-08-2001 से वाणिज्यिक कर जांच चौकी एवं नाका स्थापित किया जाता है :-

### अनुसूची

| अनु. | जांच चौकी और नाका के स्थान का नाम तथा वर्णन | जांच चौकी एवं नाका की स्थिति |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | कवर्धा जिले में राजनांदगांव – जवलपुर ( व्हाया कवर्धा ) मार्ग पर ग्राम पोंडी | राज्य मार्ग क्रमांक 9, राजनांदगांव जबलपुर ( व्हाया कवर्धा ) मार्ग पर राजनांदगांव से 136वे एवं 137 वे कि.मी. के मध्य |

यह अधिसूचना दिनांक 01 अगस्त 2001 से प्रभावशील होगी।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

( के . आर. मिश्रा)
उप सचिव
छत्तीसगढ शासन
वाणिज्यिक कर विभाग

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH**
**FINANCE , COMMERCIAL TAX , PLANNING , ECONOMIC AND STATISTICS & 20 - POINT PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT .**

**NOTIFICATION**

No 1937 / F/ 10/3/2001 / CT / V/ (35) Raipur,Dated 19-7-2001

Whereas , the State Government is satisfied that , it is necessary to do so, with a view to prevent or check , evasion of tax under the Chhattisgarh Commercial Tax Act , 1994 ( No. 5 of 1995) enroute Rajnandgaon - Jabalpur ( Via - Kawardha) in Kawardha district .

Now therefore, in excercise of the powers conferred by sub- section (1) of section 45 ( A) of the said Act , the state Government hereby set- up check post and barrier w. e.f. 01-08-2001 at the place specified in the Schedule below :-

**SCHEDULE**

| S. N. | Name and Description of place of check post and barrier | Location of check post and barrier |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | Village Poundy on Rajnandgaon - Jabalpur ( Via kawardha ) Road in Kawardha District . | Between 136 th and 137 th k.m. from Rajnandgaon - Jabalpur ( Via Kawardha ) Road , state Highway No. 9 |

This notification shall come in to force with effect from 01.08.2001.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh .

Kmisra

**(K.R. MISRA)**
**Deputy Secretory**
**Govt . of Chhattisgarh**
**Commercial Tax Department**

# छत्तीसगढ़ शासन

## वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

### मंत्रालय

### अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 10.8.2001

क्रमांक 1681 एफ– 10/332/2001/वाक–पांच(37) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद् द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट माल के वर्ग की धारा 9 के अधीन कर के भुगतान के उस सीमा तक के लिए जो कॉलम (3) की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है, उक्त सूची के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट निबंधनों तथा शर्तों के अधीन रहते हुए 01.10.2000 से 31.03.2002 तक छूट प्रदान करती है :–

अनुसूची

| क्रम | माल का वर्ग | कालावधि | निबंधन तथा शर्तें जिनके अधीन छूट प्रदान की गई है |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | पॉलीथीन इंस्युलेटेड जेली फिल्ड टेलीफोन केबल्स, ऑप्टिकल फायबर टेलीफोन केबल्स, पी.वी.सी. इन्सुलेटेड जी.आई. वायर, ड्राप वायर, उनकी एक्सेसरीज एवं अन्य प्रकार के दूर संचार केबल्स | अंशतः इस प्रकार कि जिससे धारा 9 के अधीन कर की दर घटकर 4 प्रतिशत हो जाए। | जब छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन 1995) के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यापारी द्वारा भारत संचार निगम लिमिटेड या उसकी सहायक कंपनियों को विक्रय किया जाये। |

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(के.आर.मिश्रा)
उप–सचिव

# Government of Chhattisgarh

FINANCE, COMMERCIAL TAX, PLANNING, ECONOMIC AND STATISTICS
& 20-POINT PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

MANTRALAYA

## NOTIFICATION

Raipur, dated 10. 8. 2001

No. 1681 /F- 10 /332/2001/CT/V( 37 ). In exercise of the powers conferred by Section 17 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 (No.5 of 1995) (hereinafter referred to as the Adhiniyam), the State Government hereby exempts the class of goods specified in column (2) of the Schedule below from payment of tax under the said Adhiniyam, to the extent specified in column (3) for the period from 01.10.2000 to 31.03.2002 subject to the restrictions and conditions specified in column (4) of the said Schedule :

## SCHEDULE

| S.No. | Class of goods | Extent of exemption | Restrictions and conditions subject to which exemption is granted |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | Polythene insulatated jelly filled telephone cable, Optical fibre telephone cable, PVC Insulated GI wire, Drop wire, accessories and telecommunication cables of other types | partly so as to reduce the rate of tax under section 9 to 4percent | When sold by a dealer registered under the Adhiniyam to Bharat Sanchar Nigam Limited or its subsidiary companies. |

By order and in the name of the Governor
of Chhattisgarh

(K. R. Misra)
Deputy Secretary

छत्तीसगढ़ शासन

वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी
तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

मंत्रालय

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 20.8.2001

क्रमांक 1741 एफ– 10 /334 /2001/वाक–पांच( 40 ) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (1995 का क्रमांक 5), की धारा 17 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक ए3/28–2000–वा.क./पांच (28) दिनांक 13.4.2000 में पुनः निम्नलिखित अनुसार संशोधन करता है :–

संशोधन

1. अधिसूचना के अनुक्रमांक 5 के कॉलम नंबर 4 में शब्द "मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम" के स्थान पर "छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड" तथा शब्द "मध्यप्रदेश" के स्थान पर शब्द "छत्तीसगढ़" प्रतिस्थापित किया जावे।
2. कॉलम नंबर 4 में शब्द "विभाग को" के पश्चात शब्द "तथा छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग को" जोड़ा जावे।
3. अधिसूचना के संलग्न अपेंडिक्स में शब्द 'मध्यप्रदेश' के स्थान पर शब्द "छत्तीसगढ़" प्रतिस्थापित किया जावे।

उपरोक्त संशोधन दिनांक 1.4.2001 से प्रभावशील माना जावेगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(के.आर.मिश्रा)
उप सचिव

## Government of Chhattisgarh

FINANCE, COMMERCIAL TAX, PLANNING, ECONOMIC AND STATISTICS & 20-POINT PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

MANTRALAYA

### NOTIFICATION

Raipur dated 20.8.2001

No. 1741 /F- 10 / 334 /2001/CT/V( 40 )In exercise of powers conferred under section 17 of Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 (No. 5 of 1995) the State Government hereby makes the following further amendments in this department Notification No. A-3/28-2000-ST-V (28) Dated 13-4-2000;

**Amendment**

(1) In column number 4 of serial number 5 of the notification in place of the words "Madhya Pradesh Laghu Udyog Nigam" the words "Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited" and in place of word "Madhya Pradesh" the word "Chhattisgarh" shall be substituted.

(2) In column 4 after the word "departments" the words "and Chhattisgarh Human Rights Commission" shall be inserted.

(3) In the appendix attached to the notification the word "Chhattisgarh" in place of the words "Madhya Pradesh" shall be substituted.

Above amendments shall come into effect from 01.04.2001

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh

(K. R. Misra)
Deputy Secretary

# छत्तीसगढ़ शासन

वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी
तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग
मंत्रालय

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 10.8.2001

क्रमांक 1686 एफ– 10 / 324 / 2001 / वाक–पांच( 41 ) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995), की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतदद्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट इस विभाग की अधिसूचनाओं में; उक्त अनुसूची के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट रीति तथा सीमा तक संशोधन करती है, अर्थात् :–

अनुसूची

| क्रमांक | अधिसूचना क्रमांक व दिनांक | संशोधन |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | A-5-1-94-विक-पांच(22), दिनांक 1.4.1995 | अनुसूची के अनुक्रमांक 5 में से शब्द "रिरोलिंग स्टील मिल से भिन्न" विलोपित किये जायें। |
| 2 | A-3-10-2000-विक-पांच (11), दिनांक 21.1.2000 | अनुसूची के अनुक्रमांक 21 एवं 22 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियाँ विलोपित की जायें। |
| 3 | A-3-20-2000-विक-पांच(22), दिनांक 29.3.2000 | अनुसूची के अनुक्रमांक 3 एवं उससे संबंधित प्रविष्टि विलोपित की जाये। |
| 4 | A-3-28-2000-विक-पांच(30), दिनांक 13.4.2000 | अनुसूची के अनुक्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 5 तथा उनसे संबंधित घोषणा पत्रों सहित प्रविष्टियाँ विलोपित की जायें। |

2. यह संशोधन दिनांक 10 अगस्त 2001 से प्रभावशील होगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(के.आर.मिश्रा)
उप सचिव

# Government of Chhattisgarh

## FINANCE, COMMERCIAL TAX, PLANNING, ECONOMIC AND STATISTICS & 20-POINT PROGRAMME IMPLEMENTATION DEPARTMENT

### MANTRALAYA

### NOTIFICATION

Raipur, dated 10.8.2001

No. 1686/F- 10 /324/2001/CT/V( 41 ). In exercise of the powers conferred by Section 17 of Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No.5 of 1995), the State Government hereby makes the following amendments in this department notifications specified in column (2) of the schedule below to the extent and in the manner specified in column (3) of the said schedule, namely :

**SCHEDULE**

| S.No. | Notification No. and Date | Amendments |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | A-5-1-94-ST-V(12), dated 1st April, 1995 | In the schedule from serial number 5 the words "not being a re-rolling steel mill" shall be deleted. |
| 2 | A-3-10-2000-ST-V(11), dated 21st Jan, 2000 | In the schedule serial number 21 and 22 and entries relating thereto shall be deleted. |
| 3 | A-3-20-2000-ST-V(22), dated 29th March, 2000 | In the schedule serial number 3 and entry relating thereto shall be deleted. |
| 4 | A-3-28-2000-ST-V(30), dated 13th April, 2000 | In the schedule serial number 1, 2, 3, 4 and 5 and entries with declaration forms relating thereto shall be deleted. |

2. These amendments shall come into force with effect from 10th Aug 2001.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh

(K. R. Misra)
Deputy Secretary

# छत्तीसगढ़ शासन

वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी
तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

मंत्रालय

अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 27-8-2001

क्रमांक 1797 एफ- 10 /324/2001/वाक/पांच(44) -- छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995), की अनुसूची-2 के संशोधन का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे कि राज्य सरकार उक्त अधिनियम की धारा 16 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए बनाना प्रस्तावित करती है, उन समस्त व्यक्तियों की जानकारी के लिए, जिनके कि उससे प्रभावित होने की संभावना है, प्रकाशित किया जा रहा है और एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के "छत्तीसगढ़ राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिवस के अवसान होने के पश्चात विचार किया जाएगा।

किसी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर जो उक्त प्रारूप के संबंध में उपर विनिर्दिष्ट दिनांक से पूर्व किसी व्यक्ति से प्राप्त हो, राज्य सरकार द्वारा विचार किया जायेगा :-

## प्रारूप संशोधन

उक्त अधिनियम की अनुसूची-2 में,

भाग-तीन की प्रविष्टि क्रमांक 54 के पश्चात निम्नलिखित क्रमांक और उससे संबंधित प्रविष्टि जोड़ी जाये, अर्थात्

| | | |
|---|---|---|
